तापमान
अधिकतम 11.4 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 6 जनवरी 2024



9 पटवारी व कानूनगो की हड़ताल से आमजन की बढ़ रही परेशानी




10 रात्रि ठहराव के लिए करें रैन बसेरों का प्रयोग : मीणा




YADUVANSHI GROUP OF INSTITUTIONS

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन

India's No. 1 SCHOOL Since-1995



मंगलपाण्डे | शहीद भगत सिंह | सुभाष चन्द्र बोस | राजा नाहर सिंह
राजा राव तुलाराम | महाराणा प्रताप | महाराज अग्रसेन | रानी लक्ष्मीबाई

"शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा..."

## आमंत्रण
## स्थापना दिवस
## "भव्य समारोह"

मकर संक्रांति 14 जनवरी 2024 रविवार

स्थान: नई अनाज मंडी, चरखी दादरी

प्रीतिभोज : प्रातः 11:00 बजे से



महात्मा गांधी | डॉ. भीमराव अम्बेडकर | सरदार वल्लभभाई पटेल | सर छोटूराम
चौ. रणबीर सिंह हुड्डा | चौ. देवीलाल | चौ. बंशीलाल | राव बीरेन्द्र सिंह

"मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती तुझे अभी कुछ और भी दूँ..."

*In respect of renowned personalities, please ignore hierarchy.

आदरणीय स्नेहीजन,
हम किसी कारणवश आपसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं मिल पाये तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। आप सभी से हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि हमारा निमंत्रण सहृदय स्वीकार करें।


-राव बहादुर सिंह



अध्यक्ष
**माननीय श्री श्रवण कुमार**
विधायक सूरजगढ़ (राजस्थान)



मुख्यातिथि
**माननीय श्री सत्य पाल सिंह मलिक**
प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं
पूर्व राज्यपाल- जम्मू कश्मीर, गोवा, बिहार एवं मेघालय



निवेदक
**राव बहादुर सिंह**
पूर्व विधायक नांगल चौधरी एवं चैयरमैन यदुवंशी ग्रुप

on SUNDAY 21st January 2024

Yaduvanshi Shiksha Niketan

| | |
|---|---|
| Mahendergarh | Ph:9466341799 |
| Rewari | Ph:8901167461 |
| Narnaul | Ph:9468061387 |
| Satnali | Ph:9812330666 |
| Gurugram Sec 92 | Ph:9053905384 |

Time: 10:00 am to 12:00 noon

Offline Registration on the spot also.

Buses will be Available on all the Nearby Routes

# YADUVANSHI
## CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP
## Cum ADMISSION TEST (YCSAT)
For Class I to XII

upto 100% on Tuition & Hostel Fee

on SUNDAY 28th January 2024

Yaduvanshi Shiksha Niketan

| | |
|---|---|
| Thanwas | Ph:9050784050 |
| Sohali | Ph:9991217659 |
| Mandola | Ph:7027134134 |
| Gurugram Sec 33 | Ph:9053905381 |
| Jind | Ph:9053905361 |
| Dhani Mahu | Ph:9050007943 |
| Kanina | Ph:9053048100 |
| Kosli | Ph:9053002458 |
| Hansi | Ph:9053905366 |

Time: 10:00 am to 12:00 noon

for ONLINE Registration SCAN & REGISTER
Visit at www.yaduvanshigroup.edu.in

## REQUIREMENTS

INTERVIEW SCHEDULE:
Time: 12:00 pm to 03:00 pm

*Principal, Academic Heads*
21 January 2024 : Mahendergarh, Rewari, Narnaul, Satnali, Gurugram Sec-92
28 January 2024 : Thanwas (N.Chaudhary), Mandola (Ch. Dadri), Gurugram Sec-33, Jind, Dhani Mahu (Bhiwani), Kanina, Kosli, Hansi, Sohali (Raj.)

COACHING EXPERTS (All subjects) for NEET/IIT/NDA/CLAT/CA SALARY : 2 to 3 Lac per month
PGT:All Subjects (1 to 2 Lac p.m.) | TGT:All Subjects (50 Thousand to 1 Lac p.m.) | PRT:All Subjects (20-50 Thousand p.m.) | NTT/Mother Teacher
Others: NTT,Hostel Warden (M/F), NIS Coaches (M/F), DPEs, PTIs, Librarian, Accountant, Music Teacher, Dance Teacher, Art & Craft, Computer Operator-cum- Web Designer, Graphic Designer, English Communication Teacher.

**Mahendergarh**: 9466341799 | **Narnaul**: 9468061387 | **Thanwas**: 9050784050 | **Dhani Mahu**: 9050007943 | **Jind**: 9053905361 | **Gurugram Sec**.92 : 9053905384 | **Gurugram Sec**.33: 9053905381
**Rewari**: 8901167461 | **Satnali**: 9812330666 | **Sohali** (**Rajasthan**): 9991217659 | **Kosli** : 9053002458 | **Hansi** : 9053905366 | **Kanina**: 9053048100 | **Mandola**: 7027134134

## खबर संक्षेप



### समाज के उत्थान में प्रौढ़ शिक्षा की बड़ी भूमिका : जैन

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक कैंप के पाँचवें दिन अंग्रेजी प्राध्यापक सी पी जैन ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रौढ़ शिक्षा से स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। हम सभी को प्रौढ़ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को गूगल बॉय कौटिल्य का उदाहरण देते हुए बताया कि गुरूजनों की बातों को आत्मसात करके ही हम जीवन में सफल हो सकते हैं। इस अवसर पर प्रोग्राम अधिकारी फूलकंवार ने स्वयंसेवकों को हरियाणा के गौरवमयी इतिहास की जानकारी दी

### स्वामी नितानंद स्कूल में सेमिनार कल

**रोहतक।** शीला बाइपास स्थित स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल रविवार को मेंडेमोक्रैटिक फोरम रोहतक द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के भूतपूर्व प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार को आमंत्रित किया।

चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने संकल्प यात्रा के दौरान किया जनसंवाद

# लोगों को बताईं पीएम मोदी की गारंटी वाली योजनाएं

भारत विकसित यात्रा के दौरान सभी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया



**खरखौदा।** महिलाओं को कार्ड वितरित करते मोनिका दहिया व मीना नरवाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शुक्रवार को गांव पहलादपुर व किढ़ौली में संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में लोगों की परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। जिसका वे भी लाभ उठा रहे हैं। भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे राष्ट्र को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के लिए न केवल संकल्प लें, बल्कि उसे पूरा करने के लिए भी आगे आएं। योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं, बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

**खास बातें**

- कार्यक्रम में चेयरपर्सन ने गांव की गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए।
- इस दौरान गांव की नन्ही बेटी का केक काटकर जन्मदिन भी मनाया गया।

### गैस सिलेंडर किए वितरित

चेयरपर्सन ने बेटियों को एलआईसी पॉलिसी के अलावा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड तथा प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए गए। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे भी वितरित किए। इस मौके पर जिला परिषद की पूर्व चेयरमैन मीना नरवाल, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, ब्लॉक समिति खरखौदा के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया, लक्ष्मी दत्त, मनीष नरवाल, गांव पहलादपुर की सरपंच मीना तथा गांव किढ़ौली के सरपंच पवन कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# परमहंस योगानंद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** परमहंस योगानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

शुक्रवार को सेक्टर-7 में परमहंस योगानंद की 131वां जयंती समारोह मनाया गया। समारोह में नागरिकों ने योगानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में प्रमुख योग शिक्षक डॉ. सुरेश सैनी की अनुपस्थिति में सहायक योग शिक्षक व आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने परमहंस योगानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। दांगी ने कहा कि परमहंस योगानंद का जन्म 5 जनवरी 1893 को गोरखपुर में एक बंगाली परिवार में हुआ था। वे मानवता को क्रिया योग से जोड़ने वाले एक अद्भुत योगी थे। पश्चिमी देशों में फादर ऑफ योग कहा जाता है। उनके प्रयासों और कार्यों से आज क्रिया योग पूरे संसार में फैल चुका है। परमहंस योगानंद और उनकी संस्था के सम्मान में भारत सरकार ने सबसे पहले 1977 में और दूसरी बार 7 मार्च 1917 को डाक टिकट जारी किया था। आजाद सिंह दांगी ने कहा कि जीवात्मा का परमात्मा के साथ एकाकार होने का नाम ही योग है। योग साधकों में बिमला मलिक, सुभाष वर्मा, सुखबीर, सुनीता सैनी, दयानंद शर्मा, स्नेहा, गौरव, रितेश, धीरज, दिवांशु और आशु आदि मौजूद थे।

### थाना-चौकियों को स्वच्छ रखें: डीसीपी

**सोनीपत।** डीसीपी (मुख्यालय) वीरेंद्र सांगवान ने कहा कि थानों-चौकियों और पुलिस आवासों के साथ ही पुलिस लाइन को स्वच्छ रखा जाए। पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए और किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाए। पुलिसकर्मी अपनी समस्याओं को लेकर उनसे सीधे संपर्क कर सकते है। वह शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित कल्याण गोष्ठी में बोल रहे थे। डीसीपी ने कल्याण गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों, कार्यालय के कर्मचारियों-शाखा प्रभारियों और आरडब्लूए की समस्याएं सुनी।

## खड़े ऑटो से म्यूजिक सिस्टम चोरी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज परिसर में खड़े ऑटो से म्यूजिक सिस्टम चोरी हो गया। ऑटो चालक ने दो लोगों पर चोरी का आरोप लगाया और महिला थाना खानपुर कलां में शिकायत दी। रोहतक के किलोई गांव निवासी मनजीत ने पुलिस को बताया कि वह 4 जनवरी को अपने ऑटो में अपनी पत्नी सोनिया को इलाज के लिए महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में लाया था। यहां उसने अपना ऑटो आपातकालीन विभाग के सामने खड़ा किया था। उसके बाद अपनी पत्नी को आईसीयू में भर्ती करा दिया। वहां सिक्योरिटी गार्ड ने उसे आकर बताया कि उसके ऑटो से दातौली गांव निवासी आकाश व संदीप ने म्यूजिक सिस्टम चोरी कर लिया। इसके बाद उसने दोनों आरोपितों से म्यूजिक सिस्टम चोरी करने के बारे में पूछा तो वे वहां से भाग गए।

## खेत में पति को खाना देने जा रही महिला का फोन व कानों के बाले छीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाहरी में अपनी ननद के साथ पति का खाना देने जा रही महिला से मोबाइल फोन व सोने की बालियां लूटने का मामला सामने आया है। महिला व उसी ननद ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपित को बाइक से गिरा दिया। उसके बाद आरोपित मौके से बाइक छोड़कर फरार हो गया। आरोपित की पहचान नाहरी निवासी रवि के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरी निवासी कविता ने बताया कि वह घरेलू औरत है। गत 4 जनवरी को करीब 7 बजे घर से अपने खेतों में अपनी ननद के साथ अपने पति को खाना देने के लिए जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में एक मोटरसाइकिल पर युवक खड़ा हुआ था। उसने एक दम से हाथ में लिए फोन को छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी ननद सोनिया को धक्का देकर गिरा दिया। उसके कान के बालों को झपटा मारकर छीन लिया। मोटरसाइकिल पर बैठकर भागने लगा तो उसकी ननद ने उसे मोटरसाइकिल पर बैठते समय पकड़ लिया। वह गांव का रवि नाम का युवक मिला। उसके बाद आरोपित धक्का देकर व मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि वारदात के बाद से आरोपित फरार है।

**खास बातें**

- महिला व उसकी ननद ने बाइक सवार बदमाश को बाइक से नीचे गिराया
- गांव के रवि के रूप में आरोपित की हुई पहचान, मौके से बाइक छोड़कर फरार हुआ आरोपित

## खुद के प्रयासों से ही बदल सकता है समाज: रजनी गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जिले के गांव बजाना खुर्द में ब्रेकथ्रू संस्था व महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बड़ी सी आशा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में जिला महिला संरक्षण एवम बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम का परिचय देते हुए ब्रेकथ्रू संस्था से परवीन कुमार ने बताया की यह अभियान 16 दिसंबर से चला हुआ है जोकि 6 जनवरी तक चलेगा जो हरियाणा के छः जिलों के 128 गांवो में दिखाया जाएगा। इस अभियान में संस्था द्वारा हमारी समस्या हमारे प्रयास नामक नुक्कड़ नाटक का आयोजन गांव में तीन जगहों पर किया जा रहा है। नाटक के अंदर दिखाया जा रहा है की किस तरह से समाज के अंदर ब्रेकथ्रू संस्था के कार्यों से लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। मुख्य अतिथि रजनी गुप्ता ने बताया की बाल विवाह करना कानूनी अपराध है और अगर कोई भी ऐसा करता पाया जाता है तो उसके लिए सजा व दंड के प्रावधान है इसलिए हमे खुद को इन चीजों से बचाना है ओर अन्य लोगों को भी जागरूक करना है। व अपने बच्चो को आगे बढ़ने के अवसर देने है ताकि वे भी अपने सपनो को पूरा कर सके। महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाईजर शाकुंतला ने कहा ब्रेकथ्रू संस्था के कार्यों से समुदाय को भी नई चीजें सीखने को मिल रही है ओर हम ब्रेकथ्रू संस्था का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद करते है। उन्होंने इस काम के लिए हमारे इस समुदाय को चुना, इसके साथ ही ब्रेकथ्रू जिला सयोजक निशा ने भी समुदाय के लोगो को संदेश दिया कि वे भी अपने बच्चो के लिए समय निकालते हुए उन्होंने आगे बढ़ने के लिए प्ररित करे ताकि वे भी अपने देखते हुए उन्हें पूरा कर सके। इस अवसर पर बजाना खुर्द समुदाय की सभी वर्कर,हैल्पर ,गांव के महिला पुरुष ,बच्चे व स्कूल के बच्चे व इंचार्ज रामकुमार शामिल रहे।

## रेलवे रोड के गड्ढों पर पैच लगाने का काम शुरू

- जहां भी जलभराव की समस्या है वहां से सड़क पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जो राहगीरो के लिए मुसीबत बन रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर हुए गड्ढों पर पर पैच लगाते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

शहर के रेलवे रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों से अब लोगों को निजात मिल जाएगी। भवन एवं सड़क निर्माण विभाग द्वारा अब गड्ढों पर पैच लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे रेलवे रोड पर सफर करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। शहर को जीटी रोड से जोड़ने वाले रेलवे रोड का करीब चार वर्ष पहले जीर्णोद्धार किया गया था। सड़क के जीर्णोद्धार के बाद लोगों को राहत मिली थी, लेकिन बार-बार जलभराव होने की वजह से सड़क पर फिर से गड्ढों की संख्या बढ़ गई है। कई स्थानों पर जनस्वास्थ्य विभाग के सीवर ओवरफ्लो हो जाते हैं तो कहीं नगरपालिका के नालों का दूषित पानी सड़क पर आकर ठहर जाता है। जहां भी जलभराव की समस्या है वहां से सड़क पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं। जो राहगीरो के लिए मुसीबत बन रहे थे। सड़क पर हादसे न हो इसके चलते स्थानीय दुकानदारो नें होकर सडक पर मिट्टी भी डलवाई, लेकिन वह भी फिर से उखड़नी शुरू हो गई थी। अब विभाग ने सड़क पर पैच लगाने का काम शुरू कर दिया है।

### गड्ढों की शिकायत उनके संज्ञान में थी:एसडीओ

भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के एसडीओ रवीन दत्ता ने बताया कि रेलवे रोड पर जगह जगह हुए गड्ढों की शिकायत उनके संज्ञान में थी। शिकायत में कार्रवाई करते हुए विभाग ने अब रेलवे रोड के गड्ढों पर पैच लगवाए जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों को सड़क से गुजरने में असुविधा नहीं होगी।

### नारी सशक्तिकरण होना जरूरी : गुलाटी

**गोहाना।** शुक्रवार को गोहाना-सोनीपत मार्ग पर बड़ौता गांव में स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा नारी सशक्तिकरण पर विस्तारक व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता और सेवानिवृत्त प्रो. सरोज गुलाटी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का अर्थ है उसमें शक्ति का प्रवाह करना ताकि वह अपने निर्णय स्वयं लेते हुए अच्छे से जीवनयापन कर सके। विस्तारक व्याख्यान की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुदेश लाठर ने की। संयोजन कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी शान देवी ने किया। प्रिंसिपल डॉ. सुदेश लाठर ने व्याख्यान का शुभारंभ करते हुए कहा कि नारी सृजन का प्रतीक है। उसकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना समाज का नैतिक दायित्व है।

## स्वर्ण पदक विजेता का किया सम्मान

- एसजीएफआई में बाल भारती विद्यापीठ के विद्यार्थी का का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** मलिक को सम्मानित करते हुए प्राचार्या सुमन कौशिक व अतिथिगण।

महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शहर के बाल भारती विद्यापीठ के छात्र आयु मलिक ने स्वर्ण पदक जीत कर पूरे देश में अपने स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर शुक्रवार को स्कूल में उनको सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या सुमन कौशिक ने की। 23 से 28 दिसंबर तक महाराष्ट्र के अकोला में राष्ट्रीय स्कूल गेम्स आयोजित किए गए। इन खेलों में अंडर-14 आयु वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में आयु मलिक के मुक्के उसके प्रतिद्वंद्वियों पर खूब चले। आयु मलिक ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन को लेकर उनको व उनके कोच अनिल शर्मा को स्कूल में सम्मानित किया गया। समारोह में बलराम कौशिक, अरुण बड़ौक, विरेन्द्र भनवाला, कुलदीप कौशिक, सतीश, तिलकराज, आयु मलिक के पिता राजू मलिक, मामा जसबीर, स्कूल के एमडी हरि प्रकाश गौड़, प्राचार्या सुमन कौशिक व रचित गौड़ ने आयु मलिक, के माता-पिता और उसके कोच को सम्मानित किया। आयु मलिक इस विद्यालय का कक्षा 8वीं का विद्यार्थी है।

## भाजपा सरकार से जनता का विश्वास उठा : अरोड़ा

हरिभूमि न्यू▯ ▶▶| गोहाना

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार से लोगों का विश्वास उठ चुका है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा में गीता की कसम लेकर कहा था कि मैं किसी को खाने नहीं दूंगा। अगर जनता का विश्वास भाजपा और सीएम के प्रति होती तो उन्होंने यह करने की जरूरत नहीं पड़ती। अरोड़ा ने यह बात शुक्रवार को गांव बरोदा में कांग्रेस की सात जनवरी को होने वाली जनआक्रोश रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से कही। अशोक अरोड़ा ने कहा कि सत्ता पक्ष की रैलियों में अधिकारी कर्मचारियों और लोगों को लेकर जाने का काम करते हैं। विपक्ष में कांग्रेस की रैलियां सफल होने का मुख्य कारण यह है कि लोगों में सरकार के प्रति रोष है। भाजपा संविधान में विश्वास नहीं रखती है। अब सरकार हरियाणा कौशल निगम के तहत जो नौकरियां लगा रही है उसमें एससी व बीसी को आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। संविधान में ही आरक्षण का प्रविधान किया गया लेकिन भाजपा-जजपा की सरकार इसे नहीं मानती है। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि 2020 के बरोदा उपचुनाव में यहां की जनता ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का साथ दिया था। अब रैली में भी हजारों लोग पहुंचकर भाजपा-जपजा को सत्ता से बाहर करने का संदेश देंगे।

गणतंत्र दिवस दिवस की तैयारियों को लेकर अफसरों की बैठक

# गणतंत्र दिवस समारोह होगा भव्य: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



बैठक में मौजूद उपायुक्त सहित अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन में 26 जनवरी को भव्य रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ आम जनमानस का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय पर्व में हिस्सा लेते हुए अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन करें। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने गणतंत्र दिवस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए हर प्रकार के प्रबंधों के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर मंच की सजावट तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों को पुख्ता किया जाए। स्वागत द्वारों का निर्माण करवाते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उपायुक्त ने कहा कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए चयन कमेटी का गठन करें। समारोह में 6 से 7 कार्यक्रम रखे जायेंगे, जिनमें देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल किये जायें। समारोह में झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिनमें पहले से झांकियां निकालते आ रहे विभागों की झांकियां शामिल रहेंगी। कोई अन्य विभाग भी अपनी झांकियां शामिल कर सकता है। इस अवसर पर बेहतरीन कार्य करने वाले अ धि का रि यों - क र्म चा रि यों , विद्यार्थियों तथा समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जाएगा, जिनकी सूची 10 जनवरी तक तैयार कर ली जाए। इसके अलावा उपायुक्त ने सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, एंबुलेंस, रिफ्रेशमेंट, रंगोली, टेंट, बिजली इत्यादि प्रबंधों के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, जिला परिषद के सीईओ डा. सुशील मलिक, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, शुगर मिल के एमडी संजय धतेरवाल, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, कृषि विभाग के उप-निदेशक डा. पवन शर्मा, एक्सईएन पंकज गौड़, डीडीपीओ जिर्तेंद्र शर्मा, डीएचओ डा. राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय पर्व में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ निकालेंगे झांकियां
- गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए हुई बैठक में उपायुक्त ने दिए दिशा-निर्देश

### पोक्सो एक्ट के प्रति किया जागरूक

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में विभिन्न विद्यालयों के मुखियाओं के लिए पोक्सो एक्ट पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसके साथ बच्चों और नाबालिगों को यौन शोषण को रोकने के लिए सभी विद्यालयों में कमेटी बनाने के निर्देश दिए गए। शिविर की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनिल श्योराण ने की। बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं पूर्व चेयरमैन चाइल्ड वेलफेयर कमेटी डा. राज सिंह ने कहा कि देश में बच्चों और नाबालिगों के यौन शोषण को रोकने के लिए पाक्सो एक्ट लागू किया गया था। इस बारे में बच्चों को पूरी जानकारी दी जाए। बाल अधिकार कार्यकर्ता विकास जैन, लीगल एड काउंसलर सोनिया, बबीताने अधिनियम संबंधित नियमों, धाराओं, सजा, जुमार्ना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### कागजात व फोन लेकर निकली युवती लापता

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के भठगांव में घर से कागजात व मोबाइल फोन लेकर युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर एक पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने सदर थाने में शिकायत देकर बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी ककरोई चौक पर एक माह पहले ब्यूटी पार्लर पर काम करती थी। गत 5 जनवरी को वह घर से चली गई। देर शाम को वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### बड़वासनी में खेत से कीमती कृषि यंत्र चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में किसान के खेत से कृषि यंत्र (हैरो) चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि चोर क्षेत्र में कई बार चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके है। पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग ग्रामीणों ने की है। गांव बड़वासनी निवासी महेश ने बताया कि उसने अपने कृषि यंत्र को खेत में खड़ा किया था। किसी ने खेत से उसके कृषि यंत्र को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज में छह दिवसीय एम्पलॉयबिलिटी एंड स्किल डेवल्पमेंट फोर यूथ कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत छात्राओं को स्व-रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जाएगा। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे कार्यशाला का पूर्ण लाभ उठायें। महिंद्रा प्राइड क्लास रूम एवं नंदी फाउंडेशन के संयोजन में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने आमंत्रित विषय विशेषज्ञों के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए किया।

### रैली निकालकर नशे के खिलाफ किया जागरूक



**सोनीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा सोनीपत में सात दिवस शिविर के छठे दिन की शुरूआत योग अभ्यास के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी सुनीता और सुमन के नेत्रत्व में नशा मुक्ति पर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नशा मुक्त हरियाणा के विषय में स्वयं सेविकाएं द्वार नारा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उसके बाद कविता वचन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति ,प्लास्टिक पर प्रतिबंध, कन्या भ्रूण हत्या आदि विषयों पर सुंदर तारिके से विचार अभिव्यक्ति की गई।

### ई-रिक्शा चालक ने बाइक सवार को पीटा

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में प्याऊ मनियारी से नरेला बाइक पर जा रहे युवक ने ई-रिक्शा चालक को सही से रिक्शा चलाने की कहना मंहगा पड़ गया। ई-रिक्शा चालक ने बाइक सवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

---

### तीन दिन से धरने पर पटवारी, कार्यालय में 36000 हजार फाइलें अटकीं

# पटवारी व कानूनगो की हड़ताल से आमजन की बढ़ रही परेशानी

### जमीन विवाद से जुड़े मुकदमों के लिए सुनवाई की तारीख बढ़ानी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल का असर जिला राजस्व अधिकारी (डीआरओ), तहसीलदार व नायब तहसील कोर्ट पर भी पड़ने लगा है। जमीन विवाद से जुड़े मुकदमों के लिए सुनवाई की तारीख बढ़ानी पड़ रही है। फरियादियों को फोन पर सूचना देकर सुनवाई की आगामी तारीख दी जा रही है। 79 पटवारियों व 20 कानूनगो की हड़ताल शुक्रवार को जारी है और उन्होंने 10 जनवरी तक हड़ताल बढ़ाने का ऐलान किया। फिलहाल तहसील परिसरों में रजिस्ट्री प्रक्रिया पर अभी असर नहीं पड़ा है। तीन दिन से जारी पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल का असर राजस्व मामलों की अदालतों पर पड़ने लगा है। तीन दिन में जमीन से संबंधित 190 मुकदमों की सुनवाई होनी थी। हड़ताल के चलते अदालत का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। न ही गवाहों की सुनवाई हो पा रही है और न ही केस की पैरवी। नतीजतन हर दिन केस के सिलसिले में दूर दराज से आए हुए फरियादी वापस लौट रहे हैं। इन अदालतों से अधिवक्ता अगली सुनवाई के लिए नई तारीख लेने पहुंच रहे है। पटवारखाने में जमीन से संबंधित काम कराने आए लोगों को बिना काम करवाए वापस घर लौटना पड़ रहा है। जमीन पैमाइश, भूमि रिकॉर्ड, फसलों का सत्यापन आदि के कार्य नहीं हुए। जिला प्रधान सन्नी दहिया ने कहा कि वर्ष 2018 में पटवारियों की भर्ती हुई थी, उसके बाद कोई भर्ती नहीं हो सकी। तीन दिन से जारी हड़ताल के बावजूद सरकार ने अब तक उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है। जिसके चलते उन्होंने 10 जनवरी तक हड़ताल बढ़ानी पड़ी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार 6 व 7 जनवरी को उनकी मांग पूरी करती है तो वह 8 जनवरी को काम पर लौट आएंगे। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव नितेश, युद्धवीर, संदीप धनखड़, रवि लाकड़ा, सुमित आंतिल समेत अन्य पटवारी व कानूनगो मौजूद रहे।



सोनीपत। धरने पर बैठे पटवारी व कानूनगो। फोटो :हरिभूमि

#### काम अटकने लगे

जमीन से जुड़े मामले सुलझाने के लिए अदालत में सुनवाई के दौरान केस की पैरवी करने पटवारी व कानूनगो नहीं आ रहे। ऐसे में लोगों को अगली सुनवाई के लिए नई तारीख दी जा रही है। उनकी हड़ताल की वजह से लोगों के काम अटकने लगे हैं। *हरिओम अत्री, जिला राजस्व अधिकारी।*

#### ये काम अटके

कानूनगो व पटवारियों की हड़ताल के चलते तीन दिन में करीब 36 हजार फाइलें लंबित है। इंतकाल, फर्द, वसीयतनामा, नक्शे, जाति, आय, रिहायशी व अन्य तरह के प्रमाणपत्र नहीं बन पाए। इसके अलावा फसल सत्यापन और जमीन की पैमाइश संबंधी कार्य भी प्रभावित हुए। शुक्रवार को सिर्फ रजिस्ट्री संबंधी वही कार्य हुए, जिनका प्रक्रिया पहले पूरी हो चुकी।

#### स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट-अर्जी नवीस का काम प्रभावित

**गन्नौर।** वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर बुधवार को शुरू हुई राजस्व विभाग के पटवारियों की हड़ताल बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसके कारण पटवार कार्यालय पहुंचने वाले उपभोक्ता बगैर कार्य कराए ही वापस लौटने को मजबूर रहे। पटवारियों की हड़ताल का असर मिनी सचिवालय में बैठने वाले स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट एवं अर्जी नवीस के अलावा जमीन जायदाद की खरीद फरोख्त करने वालों पर पड़ने लगा है। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर पटवारियों ने पिछले साल भी हड़ताल की थी, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की है तो प्रशासन को कोई अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए। उपभोक्ता सुरेन्द्र, रणबीर, महेन्द्र, विकास, सुरेन्द्र आदि का कहना है कि वह अपने आवश्यक दस्तावेजों को लेकर कड़ाके की सर्दी में पटवार घर पहुंचे, लेकिन कार्यालय पर ताला लटका मिला। निराश होकर उन्हें बैरंग लौटने को मजबूर होना पड़ा। उनका कहना कि अब तो पटवारियों के हैल्पर भी नही मिल रहे है। एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल के दौरान तहसील में आने वाले लोगों की तहसीलदार भी अपने स्तर पर समस्याएं सुनने का प्रयास कर दूर कर कर रहे है। पटवारियों की वेतन को लेकर हड़ताल है।

---



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# खत्म की बजाय मार्केट फीस को बढ़ाया जा रहा

- मार्केट फीस बढ़ाने के विरोध में आढ़तियों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मार्केट फीस बढ़ाने व उसे एकमुश्त जमा कराने के आदेश के विरोध में ऑल हरियाणा प्रदेश सब्जी मंडी संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक शुक्रवार शाम सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि हरियाणा कल्याण कोष बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने 9 जनवरी को पंचकूला में बैठक के लिए प्रदेशभर के सब्जी मंडी आढ़तियों को बुलाया है। अगर वह उस दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बैठक करवाकर उनकी मांगों को पूरा कराते हैं तो वह आंदोलन वापस ले लेंगे। अन्यथा उस दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान कर दिया जाएगा।प्रदेशभर के सब्जी मंडियों के प्रधानों की बैठक हरियाणा कल्याण कोष बोर्ड के चेयरमैन से एक माह में दो बार हो चुकी हैं। उसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकला तो 20 दिसंबर 2023 को प्रदेशभर की सभी 114 सब्जी मंडियां बंद करके सरकार को आढ़तियों ने अपनी एकजुटता दिखाई थी। द सोनीपत फ्रूट एंड वेजिटेबल कमीशन एजेंट्स एसोसिएशन के प्रधान ललित खत्री ने कहा कि कोरोना महामारी से पहले सरकार की ओर सेकोई शुल्क नहीं लिया जाता था। कोरोना महामारी में सरकारी खर्च बढ़ने की बात कहकर मार्केट फीस को शुरू किया गया था, लेकिन अब इसे खत्म करने के बजाय लगातार मार्केट फीस को बढ़ाया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोहतक सब्जी मंडी के प्रधान सोनू छाबड़ा ने कहा कि 9 जनवरी को पंचकूला में होने वाली बैठक के दौरान अगर आढ़तियों की मांगों को लेकर कोई समाधान नहीं निकलता है तो उसी दिन बैठक से बाहर आते ही अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान कर दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। चरखीदादरी सब्जी मंडी के प्रधान नितिन ने बताया कि सब्जियों व फलों की बिक्री से इतनी आमदनी नहीं होती। मार्केट फीस बढ़ाने के आदेशों को आढ़तियों पर जबरन थोपा जा रहा है। आढ़ती सरकार से कई सालों से अपनी आय 5 से बढ़ाकर 7 फीसदी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही।

---

# दंगे और भीड़ पर नियंत्रण पाना सिखाया

- मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस के जवानों को दिया विशेष प्रशिक्षण
- डीसीपी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंपनियों का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गोहाना भारती डबास के निर्देश पर शुक्रवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस के जवानों को दंगों और भीड़ पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सोनीपत से पहुंची आरएएफ टीम द्वारा दिया गया। इस दौरान पुलिस के जवानों को आपात स्थिति से निपटने के गुर भी सिखाए गए। डीसीपी के नेतृत्व में गोहाना में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष कंपनियों का गठन किया गया है। कंपनी के जवान लाठी डंडा, कैन शील्ड, बॉडी प्रोटेक्टर, टियर गैस, दंगा विरोधी उपकरण और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजीशन में रहेंगे। इस क्रम में गुरुवार को शहर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की फोर्मेशन बनाना, भीड़ को नियंत्रण करना, आंसू गैस चलाना तथा अन्य दंगा विरोधी उपकरणों बारे विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस जवानों को प्रशिक्षण आरएएफ लोक व्यवस्था अकादमी मेरठ से कोर्स पास उप निरीक्षक ऋषिपाल की स्पेशल टीम द्वारा दिया गया।



गोहाना। दंगे के दौरान भीड़ पर नियंत्रण पाने के गुर सीखते पुलिस के जवान।

### ठंड से जनजीवन प्रभावित वाहनों की गति पड़ी धीमी

**गन्नौर।** पिछले दिनों एक दिन में दिनभर धूप रहने के बाद अब 2 दिन से दिन-रात को तेज ठंड व पाला गिरने से गेहूं, सरसों की फसलें सबसे अधिक प्रभावित होने की कगार पर है। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही लगातार हो रहे मौसम परिवर्तन से किसानों को अपनी फसल को लेकर चिंता पैदा हो गई है। उपमंडल क्षेत्र में पिछल्ले दिनों निकली मामूली धूप के बाद अब दिन व रात को वातावरण में ठंडक होने से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। सुर्य देवता के दर्शन भी नही हो रहे। सीजन के इस दौर में गिर रही धूंध की बूदें सभी फसलों के लिए अमृतपान से कम नहीं हैं, जो कि किसानों की मेहनत और हौंसला बढ़ने के लिए सोने पे सुहागा साबित हो सकती है। अधिकतर खेतों में सिंचाई कार्य लड़खड़ा रहा है। वहीं किसानों द्वारा बरसात की आवक की उम्मीदें लगाई जा रही थी क्योंकि बरसात से अब बिजली से होने वाली सिंचाई व यूरिया के प्रयोग की निर्भरता भी कम होगी वहीं भूमि में नमी की मात्रा बढ़ने से किसानों की फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होनी लाजिमी है, लेकिन वह उम्मीद भी अब खत्म होती नजर आ रही है।

# अपराध मुक्त समाज के लिए मिलकर करें काम

- डीसीपी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपराध नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शुक्रवार को डीसीपी भारती डबास की अध्यक्षता में उन्हीं के कार्यालय में सीएलजी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपराध नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में डीसीपी ने सार्वजनिक मुद्दों तथा सामाजिक समस्याओं की जानकारी की तथा उनके समाधान के लिए निर्देश दिए गए। कहा कि उनका प्रयास पुलिस और जनता बीच सहयोग बढ़ा कर अपराध मुक्त समाज की स्थापना करना है। पुलिस और जनता मिल कर कार्य करेंगे तो समाज में अपराध घटित होने की सम्भावना कम हो जाएंगी। पुलिस की प्राथमिकता इलाके में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना और जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। डीसीपी ने सीएलजी के सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांव और वार्डों में अवैध कार्यों पर निगरानी रखे और सूचना पुलिस प्रशासन को दें ताकि समय रहते अपराधियों पर शिकंजा कस के शांति और कानून व्यवस्था बनाए रख सके। भारती ने कहा कि नशा हमारा सांझा दुश्मन है जिसके खिलाफ हम सभी को एक साथ मिलकर लड़ाई लड़नी है।



सीएलजी कमेटी के सदस्यों के साथ बातचीत करते डीसीपी भारती डबास।

---



सोनीपत। राष्ट्रपति भवन में भ्रमण के दौरान मौजूद स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने राष्ट्रपति भवन का किया भ्रमण

**सोनीपत।** स्थानीय राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन सोनीपत के एनएसएस के सप्त दिवसीय वार्षिक शिविर के सातवें दिन एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पवन सीताराम के मार्गदर्शन में राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने राष्ट्रपति भवन की मुख्य बिल्डिंग का भ्रमण किया। जहां पर उन्होंने सहस्त्रबाहु बुद्ध की मूर्ति, दरबार हॉल, डाइनिंग हॉल लाइब्रेरी इत्यादि का भ्रमण किया एवं इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रपति भवन स्थित संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने अब तक के सभी राष्ट्रपतियों से संबंधित विभिन्न सामग्रियों का अवलोकन किया। उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जाना। एनएसएस इस प्रकार के अवसर प्रदान करके उन सभी के व्यक्तित्व का विकास करती है। इस दौरान 55 स्वयंसेवकों का दल राष्ट्रपति भवन भ्रमण करने गया। शिविर का अंतिम दिन होने के कारण स्वयंसेवक पराग एवं समीर को श्रेष्ठ स्वयंसेवक घोषित किया गया। एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पवन सीताराम के मार्गदर्शन में राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया।

# पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लिया

- लावारिस पीड़ित पशु गोशाला में राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा शहर में पानीपत रोड पर संचालित लावारिस पीड़ित पशु गौ माता गौशाला में शुक्रवार को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया गया। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा गौशाला परिसर में बने पक्षी विहार में पक्षियों को बचाने के लिए पेड़-पौधों तथा उनके दाने-पानी की व्यवस्था की गई। समारोह में पक्षियों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। मुख्य वक्ता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने कहा पक्षियों के बिना मनुष्य जीवन अधूरा है। आकाश में उड़ते पंछी जिस दिन विलुप्त हो जाएंगे उस दिन धरती से मानव भी विलुप्त हो जाएगा। ऐसे में हमें पक्षियों के संरक्षण की ओर ध्यान देना चाहिए। खासतौर पर पक्षियों की जो प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं उनके संरक्षण की और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। ट्रस्ट के महासचिव प्रेम लाल आर्य ने कहा कि हर साल 5 जनवरी को राष्ट्रीय पक्षी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पक्षी मनुष्य व पर्यावरण एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। अगर कहीं पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है तो पंछी तो बचेंगे ही नहीं, मनुष्य मनुष्य जीवन भी धरती से समाप्त हो जाएगा।



गोहाना। पक्षियों के लिए दाने और पानी का प्रबंधक करते ट्रस्ट के सदस्य।



स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते राज कुमार जांगड़ा।

### स्वयंसेवक बदल सकते हैं देश की तस्वीर : जांगड़ा

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल के सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा ने शुक्रवार को कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं समाज और देश की तस्वीर को बदल सकते हैं। जांगड़ा स्कूल की एनएसएस की दोनों यूनिटों के संयुक्त शिविर का शुभारंभ कर रहे थे जो 7 दिन चलेगा। प्रथम सत्र का मार्गदर्शन स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा ने किया। अध्यक्षता स्कूल के एम.डी. सुनील शर्मा ने की। संयोजन प्राचार्य और कार्यक्रम अधिकारी डा. सचिन शर्मा तथा दूसरी यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी चिराग जैन ने किया। शुभारंभ करते सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा ने कहा कि एनएसएस समाजसेवा का सशक्त माध्यम है। प्राचार्य डा. सचिन शर्मा ने कहा कि शिविर में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं से विभिन्न उपयोगी और रचनात्मक एक्टिविटीज करवाई जाएंगी। उप प्राचार्य सूरत शर्मा के साथ विजय चौहान, सुखबीर, सुमित, ललित गुप्ता, नीतू शर्मा, नीति जैन, संतोष यादव, सोनू शर्मा, राधिका, सोमबीर आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

---

### गांव अटेरना में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# हवन करने से वातावरण शुद्ध : प्रतीक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

अटेरना गांव में गोल्डन स्फीयर गार्डन (बिल्लू फार्म) में साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हुआ। कृष्णप्रिया कथावाचक (वृंदावन) ने भागवत का ज्ञान सार दिया। कथा का समापन हवन व भंडारे से हुआ। हवन में समाजसेवी प्रतीक शर्मा पहुंचे और आहुति डाली।

कथा के भव्य आयोजन के लिए 8100 रुपये की सहयोग राशि दी। कृष्णप्रिया कथावाचक (वृंदावन) ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने हवन में आहुति डालने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते है।

प्रतीक शर्मा ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है।



राई। कथा के समापन पर समाजसेवी प्रतीक शर्मा यज्ञ में आहुति डालने के बाद संबोधित करते हुए ।



खरसौदा। मौलिक अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी देते नर सिंह। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने की मटिंडू स्कूल की पगडंडियों की सफाई

**खरखौदा।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के पंचम दिवस पर डॉ हरी दर्शन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने विद्यालय की मुख्य पगडंडियों को साफ किया गया। मुख्य वक्ता उर्वशी ने बच्चों को सफाई के प्रति जागरूक किया। द्वितीय वक्ता एनसीसी चीफ ऑफिसर नरसिंह दहिया ने स्वयंसेवकों को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद स्वयं सेवकों ने भोजन का आनंद लिया।द्वितीय सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सुनील शास्त्री, नरसिंह, पंकज, पवन कुमार, सुदेश, रानी, प्रीति, नीरज रानी, सुनीता, विजेंद्र लिपिक व राहुल आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने झरोठ गांव के बस अड्डे से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक गांव की तरफ आ रहा है। जिसके पास अवैध पिस्तौल है। पुलिस टीम ने गांव के बस अड्डे पर नाकाबंदी करके चेकिंग करनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद जब युवक बस अड्डे की तरफ आता हुआ दिखाई दिया तो शक के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की गई। पुलिस ने गांव के नंबरदार सुंदर के सामने युवक की तलाशी ली, तो उसके पास एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। युवक ने अपनी पहचान लाडपुर दिल्ली निवासी गौरव के रूप में दी है।

### विवि की दोनों यूनियन 8 को करेंगी हड़ताल

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में विवि कर्मचारियों की दोनों यूनियनों ने विवि प्रशासन की भेदभावपूर्ण नीतियों के खिलाफ सयुंक्त रूप से तय कार्यक्रम के तहत दो घंटे का धरना दिया। लेकिन विवि प्रशासन ने अपनी हठधर्मिता के कारण धरनारत कर्मचारियों की सुध तक नहीं ली, जिससे कर्मचारियों में रोष है। परिणामस्वरूप, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर विवि प्रशासन कर्मचारियों की मांग नहीं मानता है तो आठ जनवरी को भी कर्मचारियों की दोनों यूनियनों द्वारा सयुंक्त रूप से दो घंटे का धरना दिया जायेगा।

### महिला से मारपीट करने जान से मारने की धमकी

**सोनीपत।** गांव जठेड़ी निवासी नीता ने बताया कि वह अपने खेत में गई थी। उसी दौरान दिलबाग वहां पर आया। उसने उससे मारपीट की और धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस के अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुमन रानी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

खनन मामले में ईडी ने विधायक सुरेंद्र के घर पर मारा छापा

# दूसरे दिन भी खंगाला रिकॉर्ड, देर शाम को विधायक का फोन हुआ ऑन

## दस्तावेजों की हुई जांच, कब्जे में भी लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बृहस्पतिवार को सोनीपत शहर से विधायक एवं कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पंवार के आवास पर छापा दूसरे दिन भी जारी रहा।

बृहस्पतिवार को सुबह-सुबह पहुंचीं ईडी की टीम ने शुक्रवार को भी दूसरे दिन वर्ष 2013 से पहले खनन में अनियमितताओं की जांच की।

सुरेंद्र टीम ने घर में पहुंचते ही विधायक और अन्य परिजनों के फोन अपने कब्जे में ले लिए थे। इसके बाद जांच शुरू करते हुए कागजात खंगाले। इस दौरान घर के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों के तैनात कर दिया गया था। घर में किसी के आने और बाहर जाने की पूरी तरह से पाबंदी लगा रखी है। दूसरे दिन भी टीम के अधिकारी दस्तावेजों की जांच करते रहे। शुक्रवार देर शाम को विधायक का फोन ऑन हुआ है। समाचार लिखे जाने तक टीम विधायक के घर पर ही मौजूद रही।

बता दें कि सोनीपत शहर सीट से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार खनन कारोबारी भी हैं। राजस्थान के अलावा हरियाणा में यमुनानगर में भी उनका कारोबार है। यमुनानगर में खनन एक मामले में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था, जिसकी शिकायत ईडी को भी भेजी गई थी। यह मामला वर्ष 2013 से पहले का बताया जा रहा है। इसी मामले में ईडी ने बृहस्पविार को सोनीपत में विधायक के आवास व कार्यालय व अन्य ठिकानों पर ईडी के 15-20 अधिकारी 6 गाड़ियों से पहुंचे और छापेमारी शुरू की थी। अधिकारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल के कुछ जवान भी शामिल है, जो घर व कार्यालय के अलग-अलग हिस्सों में तैनात किए हुए है। छापेमारी के दूसरे दिन भी विधायक सुरेंद्र पंवार, उनकी पत्नी व बेटे के अलावा स्टाफ के सदस्य भी घर पर ही मौजूद थे। ईडी अधिकारियों ने सभी सदस्यों से उनके फोन ले लिए थे। वहीं जांच पूरी होने तक उनकी बाहर आवाजाही बंद कर दी थी। शुक्रवार को देर शाम करीब 6 बजे के आसपास विधायक का फोन ऑन हुआ। हालांकि उन्होंने किसी से फोन पर कम ही बातचीत की है। समाचार लिखे जाने तक टीम विधायक के घर पर ही मौजूद है।



सोनीपत। विधायक के घर के बाहर तैनात सुरक्षा बल का जवान।

पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकलवाया

# स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, एक की मौत, दूसरा लापता

- नहर में लापता की तलाश में जुटी पुलिस, चालक को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई के पास तेज रफ्तार स्कार्पियों कार डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सीएलसी नहर नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन दोस्तों में से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक लापता बताया जा रहा है।

वहीं कार चालक को राहगीरों ने निकाल लिा। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नहर से निकाला। पुलिस ने कार में मिल शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। वहीं लापता हुए युवक की तलाश पुलिस की टीमे नहर में कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम को सूचना थी कि ककरोई गांव के पास नहर में स्कार्पियो गाड़ी गिर गई। हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ने जांच की। जांच करने पर पता चला कि हलालपुर गांव के तीन युवक स्कार्पियो गाड़ी में सवार होकर रोहट गांव की तरफ से ककरोई की तरफ आ रहे थे। जब यह ककरोई गांव के पास पहुंचे तो पुल से पहले इनकी स्कार्पियो अनियंत्रित होकर करियर लिंक चैनल नहर में जा गिरी। हादसे में युवक सहदेव (28) की मौत हो गई। सहदेव का शव बरामद कर लिया गया।

जबकि युवक सुमित नहर के तेज बहाव में बह गया। युवक अनिल जो गाड़ी चला रहा था उसको बचा लिया गया। हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई। पुलिस टीम ने नहर में बहकर गए सुमित की तलाश शुरू कर दी है।







सोनीपत। नहर से निकाली गई कार व पुलिस के नीचे पानी में डूबी हुई कार। फोटो : हरिभूमि


**लापता की नहर में तलाश जारी**

कार के नहर में गिरने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। कार से एक शव बरामद हुआ है। शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। जबकि दूसरा युवक लापता है, उसकी तलाश के प्रयास किए जा रहे है। वहीं चालक को राहगीरों ने नहर में बाहर निकाल लिया।

**परमजीत**, जांच अधिकारी सदर थाना।

# रात्रि ठहराव के लिए करें रैन बसेरों का प्रयोग: मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। मौके का मुआयना करते हुए निगम आयुक्त

- निगमायुक्त ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण

नगर निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जरूरतमंद लोगों को ठंड के मौसम में रात्रि ठहराव के लिए रैन बसेरों का प्रयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास रात्रि ठहराव के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं है उनके लिए रैन बसेरों की सुविधा उपलब्ध है। रैन बसेरों में ठंड से बचाव के लिए कंबल, गद्दों इत्यादि का पूर्ण प्रबंध किया गया है। निगमायुक्त विश्राम मीणा ने बीती रात्रि शनि मंदिर के निकट स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरे में उपलब्ध सुविधाओं की गंभीरता से जांच की। साथ ही उन्होंने रैन बसेरे में ठहरे लोगों से भी बातचीत कर कुशलक्षेम पूछते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में हर प्रकार की व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को रात्रि में ठंड से सुरक्षा के साथ उचित ठहराव सुविधा मिल सके। रैन बसेरा आम जनमानस के लिए है जिनके पास रात्रि ठहराव के लिए कोई आवासीय सुविधा नहीं है। साथ ही वे लोग भी रैन बसेरे में ठहर सकते हैं जो कहीं बाहर से चलकर आये हों और उनके पास अपना कोई रात्रि ठहराव का ठिकाना न हो। ठंड में लोगों को खुले आसमान में नहीं रूकना चाहिए। इसके लिए पूर्ण सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसका जरूरतमंदों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियोंको निर्देश दिए कि वे रैन बसेरों की नियमित रूप से जांच करें। जहां जिस चीज की आवश्यकता हो उसे पूर्ण किया जाए। विशेष रूप से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। साथ ही ठंड से बचाव के लिए कंबल, गद्दे इत्यादि की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों से भी सुझाव मांगे कि व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए क्या किया जा सकता है।

# ठेका सेल्समैन से 5 युवकों ने नकदी और बाइक लूटी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी-नरेला रोड पर शिव दयाल धर्म कांटा के पास शराब ठेका के सेल्समैन को रोककर पांच युवकों ने 85 हजार रुपये व बाइक लूट ली। ठेकेदार कुंडली स्थित ठेके से पेपर मिल कॉलोनी प्याऊ मनियारी जा रहे थे। पांच युवकों ने उनको रोककर छेड़खानी कर भागने का आरोप लगा पत्थर व हेलमेट से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर भाग निकले। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

पटेल नगर निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह शिवपुरी कॉलोनी, कुंडली स्थित शराब ठेके पर सेल्समैन है। वह वीरवार रात को ठेके से 85 हजार रुपये की नकदी लेकर अपनी बाइक पर पेपर मिल कॉलोनी की तरफ जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वह नरेला रोड पर शिव दयाल धर्म कांटे के पास पहुंचे तो पीछे से एक बाइक पर तीन युवक आए। तीनों कहने लगे कि वह पीछे से लड़की के साथ छेड़छाड़ करके भाग है। उनके मना करने पर दो अन्य युवक भी आ गए। पांचों उनके साथ मारपीट करने लगे। उन्होंने पत्थर व हेलमेट से हमला कर दिया। युवक उनसे 85 हजार रुपये व उनकी बाइक लूटकर भाग गए।

**गिरफ्तारी जल्द**

शराब ठेका सेल्समैन ने लूट की शिकायत दी है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द बदमाशों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-**ऋषिकांत**, प्रभारी, कुंडली थाना सोनीपत।

# अवैध हथियार समेत आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुरज निवासी ममाहरपुर नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान नजदीक दयाल कंठ, शिवपुर नरेला रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस ने आरोपित को अवेध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ कुंडली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को उसने रहागीर से लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

# सीबीआई में अनुबंध कर्मी के घर से गहने, लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन निवासी सीबीआई के अनुबंध कर्मी के घर से चोर लैपटॉप, मोबाइल व आभूषण कर ले गए। पीड़ित सप्ताह में एक-दो दिन ही घर आते है। दूसरे घर में रह रहे पिता ने ताले टूटे की सूचना दी। जिस पर उन्होंने वापस आकर पुलिस को चोरी से अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मॉडल टाउन निवासी यश ने बताया कि वह सीबीआई में अनुबंध पर सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर दिल्ली में कार्यरत है। वह परिवार से अलग घर में रहते हैं। उनके माता-पिता उनके भाई के साथ रहते हैं। वह सप्ताह में एक-दो दिन ही घर आते हैं। उनके पिता ने उन्हें सूचना दी कि घर का बाहर का ताला टूटा है। जिस पर वह घर पहुंचे।

उन्होंने देखा कि चोर उनके घर से लैपटॉप, मोबाइल, कान की सोने की बालियां, बच्चे के चांदी के दो कड़े चोरी मिले। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

# पंचायती जमीन पर कब्जा करने से रोका को पंच के घर पर आकर मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- गंभीर हालत के चलते अस्पताल में करवाया भर्ती पीजीआई रेफर

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर में पंचायती जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे ग्रामीण को रोका तो उसने सरपंच पति पर फायरिंग करने के बाद पंच के घर आकर उनके भाई को गोली मार दी। हमले में घायल पंच के भाई को अस्पताल में ले गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने सरपंच के पति व पंच के भाई के बयान पर हत्या की कोशिश के दो अलग-अलग मुकदमें दर्ज कर लिए हैं। पुलिस आरोपित की तलाश में दबिश दे रही है।

गांव हसनपुर की सरपंच राजपति के पति कर्मबीर ने बताया कि उनके गांव के दीपक ने गांव में बीडीपीओ कार्यालय के पास पंचायती जमीन पर चाय का खोखा कर रखा है। उन्हें पता लगा कि दीपक अपने खोखे को आगे बढ़ा कर ज्यादा पंचायती जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहा है। जिस पर वह गांव के ही पंच जगबीर व जगदीश को साथ लेकर बृहस्पतिवार शाम को दीपक को समझाने गए थे। उन्होंने उसे पंचायती जमीन पर कब्जा नहीं करने को कहा था। उसके बाद वह वापस लौट आए। कर्मबीर का कहना है कि रात करीब पौने आठ बजे वह घर पर थे। उनके साथ गांव का ही मोहित व जिले सिंह भी थे। इसी बीच बाइक पर सवार होकर दीपक उनके घर के बाहर आया। मोहित व जिले सिंह खेत में जाने लगे तो दीपक ने आवाज देकर उन्हें बाहर बुलाया। वह बाहर आए तो दीपक ने चार-पांच फायर कर दिए। आरोपित वहां से भाग गया। पुलिस ने सरपंच पति के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।



अस्पताल में उपचाराधीन घायल।

**पंच के भाई को मार दी गोली**

गांव हसनपुर निवासी बलजीत सिंह ने बताया कि उनके भाई जगदीश गांव के पंच है। वह रात को घर पर आकर बता रहे थे कि गांव के दीपक ने पंचायती जमीन पर कब्जे का प्रयास किया है। वह सरपंच पति व पंच जगबीर के साथ उसे समझा कर आए है। आरोपी ने उन्हें धमकी दी। बलजीत का आरोप है कि इसी बीच दीपक उनके घर में आया और गोलियां चला दी। उनके भाई जगदीश व बेटे मोहित ने अपना बचाव कर लिया, लेकिन उनके पैर में गोली लग गई। जिससे बलजीत घायल हो गया। आरोपित वहां से भाग गया। घायल को रोहतक पीजीआई में उपचार दिया जा रहा है। पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

संबंधित कमेटियां नियमित रूप से करें नशा मुक्ति केंद्रों की जांच

# अवैध नशा मुक्ति केंद्र चलाने की इजाजत नहीं: डीसी

- डीसीडब्ल्यूओ के पास एक सप्ताह से अधिक समय तक न रहे कोई फाइल लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला में अवैध रूप से किसी भी नशा मुक्ति केंद्र को चलाने की अनुमति नहीं है। यदि वैधता के बगैर कोई भी केंद्र चलाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित कमेटियां नियमित रूप से नशा मुक्ति केंद्रों की जांच करें, जिसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित की जाए। लघु सचिवालय में नशा मुक्ति केंद्र, परामर्श एवं पुनर्वास केंद्रों, पॉलिसायट्रिक नसिंर्ग होम और एनजीओ की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सिविल सर्जन स्वयं नशा मुक्ति केंद्रों की जांच करेंगे। किसी अन्य चिकित्सा अधिकारी को यह जिम्मेदारी न सौंपें। उन्होंने कहा कि वैध रूप से पंजीकृत नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। एसडीएम तथा डीएसडब्ल्यूओ इनके लाईसेंस की जांच करें। साथ ही सिविल सर्जन की कमेटी भी नियमानुसार जांच करें। उपायुक्त ने अवैध रूप से चलने वाले नशा मुक्ति केंद्रों की जांच कर मामला दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष शिक्षण महाविद्यालयों की जांच के भी निर्देश दिए। इस मामले में उन्होंने डीएसडब्ल्यूओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष शिक्षण महाविद्यालयों की वैधता की जांच की जाए। इसके साथ ही उन्होंने बाल देखभाल केंद्रों तथा विशेष गृह के भी संबंधित कमेटियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अपने पास कोई भी फाइल एक सप्ताह से अधिक लंबित न रखें। सप्ताहभर में कार्रवाई पूर्ण कर फाइल को आगे प्रेषित करें। उन्होंने बाल ग्राम राई तथा वन स्टोप सेंटर की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक सुविधाओं को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, नगराधीश पूजा कुमारी, डीपीओ प्रवीण कुमारी, संरक्षण अधिकारी ममता शर्मा, जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव गौरव रामकरण, डीसीडब्ल्यूओ सुरेखा हुड्डा व अंडरट्रेनी डीसीडब्ल्यूओ आरती बल्हारा, अमित भनवाला आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।





सोनीपत। बैठक के दौरान जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त।

### जाखोली में 7 को सेना के लिए लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**सोनीपत।** माँ भारती रक्तवाहिनी के द्वारा जाखोली के राधा कृष्ण मंदिर में भारतीय सेना के लिए 35वां रक्तदान शिविर रविवार को है। जिसमें आर्मी होस्पिटल दिल्ली से डॉक्टरों की टीम रक्त संचय के लिए पहुंचेगी। साथ ही सिग्नस अस्पताल सोनीपत के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। जहां बीपी , शुगर व खून की अन्य जांच निःशुल्क की जाएगी। हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित आखों के डा. अन्य बीमारियों के डा. मौजूद रहेंगे। शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा भी निःशुल्क दी जाएगी। घरेलू उपचार विधि की जानकारी भी ग्रामीणों को निःशुल्क दी जाएगी। शिविर में सीआरपीएफ केम्प खेवड़ा से डीआई कोमल सिंह रक्तदाताओं को विशेष तौर पर पहुंचेगें।